# खास अंदाज में कोरोना योद्धाओं को सलामी देंगी तीनों सेनाएं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 मई।

कोरोना विषाणु के खिलाफ जंग में जुटे कोरोना योद्धाओं को विशेष अंदाज में सलामी देने की तैयारी की है सेना, वायुसेना और नौसेना ने। तीन मई को सेना के तीनों अंग देश भर में करेंगे विशेष प्रदर्शन करेंगे। कोरोना महामारी से निपटने में अग्रिम मोर्चे पर तैनात चिकित्सकों, अन्य स्वास्थ्यकर्मियों और पुलिसकर्मियों का देश के सशस्त्र बल तीन मई को भव्य तरीके से आभार प्रकट करेंगे। इसके तहत, लड़ाकू विमान 'फ्लाई-पास्ट' करेंगे, सेना के बैंड बजाए जाएंगे, नौसेना के हेलिकॉप्टर

> *तीन* मई को सेना के तीनों अंग देश भर में करेंगे विशेष प्रदर्शन

**बाकी पेज 8 पर**

Scanned with CamScanner

# खास अंदाज में कोरोना योद्धाओं को सलामी देंगी तीनों सेनाएं

पेज 1 का बाकी

कोविड-19 रोगियों के इलाज में जुटे अस्पतालों पर फूल बरसाएंगे और नौसेना के जहाजों को प्रकाशमान किया जाएगा।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। उनके साथ सेना के तीनों अंगों के प्रमुख थल सेना के जनरल मनोज मुकुंद नरावणे, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह और वायुसेना के एअरचीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया मौजूद थे। जनरल रावत ने बताया कि कोविड-19 महामारी के कारण सेना को कोई भी अभियान प्रभावित नहीं हुआ है और न होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह कहना ठीक नहीं होगा कि कोरोना विषाणु जैविक युद्ध का परिणाम है।

जनरल रावत ने कहा कि पूरा देश कोविड-19 महामारी के खिलाफ मोर्चा लेने वालों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा, 'हम सभी कोरोना योद्धाओं के प्रति हम अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जो हमें सुरक्षित रखने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कोरोना विषाणु की महामारी से लड़ने वालों के साथ देश की सशस्त्र सेना मजबूती से खड़ी है। पूरी दुनिया कोरोना संकट से जूझ रहा है। हम सेना की तरफ से कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे योद्धाओं को सलाम करते हैं। देश की सेना सरकार के हर आह्वान के साथ है।

उन्होंने बताया कि तीन मई को वायु सेना देशभर में फ्लाई पास्ट करेगी। एक फ्लाई पास्ट श्रीनगर से शुरू होकर तिरुअनंतपुरम तक पहुंचेगा, जबकि दूसरा डिब्रूगढ़ से कच्छ तक जाएगा। भारतीय वायु सेना के फिक्स्ड विंग और एअरक्राफ्ट फ्लाइ पास्ट में हिस्सा लेंगे। वहीं, नेवी के हेलिकॉप्टर कोविड-19 मरीजों का इलाज कर रहे अस्पतालों पर फूल बरसाएंगे। नौसेना तटीय इलाकों में अपने जंगी जहाजों को तैनात करेगी और रविवार शाम (कोरोना योद्धाओं को) धन्यवाद देने के तहत उन्हें प्रकाशमान किया जाएगा।

थलसेना अपनी तरफ से देशभर के करीब-करीब सभी जिलों के कुछ कोविड अस्पतालों के साथ माउंटेन बैंड की धुन बजाएगी। पुलिस बलों के समर्थन में सशस्त्र बल तीन मई को पुलिस मेमोरियल पर माल्यार्पण करेंगे। जनरल रावत ने कहा, 'हमारे पुलिसकर्मी महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई में एक महान कार्य कर रहे हैं। उन्हें रेड जोन में तैनात किया गया है।

Scanned with CamScanner

टीवी हेतु 5 मिनट की समाचार आधारित कार्यक्रम स्क्रिप्ट

Assignment - 2

नाम - दिपेश मेहरा
अनुक्रमांक - 914
विषय - टेलीविजन

कोर्स - MJM (2nd Year)
सेमेस्टर - 4th

* कोरोना योद्धाओं को सलामी देगी भारतीय सेना

- एंकर - नमस्कार, 9star24 में आपका स्वागत है और मैं हूं आपके साथ दिपेश मेहरा। अब आपके मिजाज़ को खुश करने वाली एक ख़बर दिखाते हैं। कल, यानी 3 मई को हिन्दुस्तान के आसमान में एक अद्भुत नज़ारा दिखेगा, समंदर भी रोशनी से नहाएगा, और अस्पतालों पर फूलों की बारिश होगी, पुलिस वालों की जयजयकार होगी, और ये सब करेगी हमारी सेना।

- वॉइसओवर - आपको याद होगा अमेरिका का न्यूयॉर्क जहाँ कोरोना वारियर्स को US एयरफोर्स के विमानों ने सलामी दी थी, वहीं दूसरी तरफ ब्रिटेन के रॉयल एयरफोर्स के फाइटर प्लेन, जिन्होंने कोरोना से जंग लड़ रहे डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ का आभार जताया। इज़राइल में भी वहाँ की वायुसेना ने फ्लाईपास के ज़रिये ज़रिये कोरोना फाइटर्स को सल्यूट किया। अब ऐसा ही नज़ारा हिन्दुस्तान में भी दिखाई देने वाला है, वो भी इससे कई गुनाह ज्यादा भव्य और दिलकश अंदाज में....

- बाइट - डिफेंस सर्विसेज की तरफ से हमनें उन सभी कोरोना वारियर्स के प्रति और हर उस व्यक्ति के लिए जो इसका हिस्सा रहा है, उनके प्रति आभार जताने का निर्णय लिया है। इसमें वो लोग भी शामिल हैं जो देश के नागरिकों को सपोर्ट कर रहे हैं और ये सुनिश्चित कर रहें हैं कि हम सब सुरक्षित रहें। इसमें नर्स, मेडिकल प्रोफेशनल, सैनिटेशन वर्कर, पुलिस, होमगार्ड, डिलीवरी ब्वाय जो जरूरी सामान को घर, घर तक डिलीवरी कर रहे हैं। हम मीडिया को नहीं भूल सकते जोकि देश की जनता तक सरकार द्वारा दी जा रही जरूरी जानकारी पंहुचा रही है।

—बिपिन रावत, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

- वॉइसओवर 2 - जी हाँ 3 मई ... यानि कल, भारत की सशस्त्र सेनाएं कोरोना वारियर्स का आभार जताएंगी। श्रीनगर से केरल के त्रिवेन्द्रम और असम डिब्रूगढ़ से गुजरात कच्छ तक का पूरा आसमान फाइटर जेट्स और ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की गड़गड़ाहट से गूँज उठेगा। इसके अलावा जो अस्पताल खास तौर से कोरोना वायरस से लड़ रहे हैं, उनपर वायु सेना के हेलीकॉप्टर फूलों की बारिश करेंगे ... कल सुबह ठीक 8 बजे से वायुसेना का ये फ्लाईपास शुरू होगा।

Scanned with CamScanner

• बाइट – उस फ्लायपास में फाइटर एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर्स द्वारा कोविड अस्पतालों में फूल बरसाए जाएंगे। इसके साथ हमारी नौसेना के जो पानी के जहाज़ हैं वो हमारी समुद्री तट पर कुछ फॉर्मेशन्स में डिप्लॉइड होंगी। इनकी कार्रवाई खासकर आपको 3 तारीख शाम को दिखाई देंगी जिसमें की कुछ पानी के जहाज़ लाइटअप किए जाएंगे। नेवी के हेलीकॉप्टर्स भी फूल बरसाने में शामिल होंगे।

– बिपिन रावत, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

• वॉइसओवर 3 – कोरोना वारियर्स के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए नौसेना के सभी युद्धपोत संध्या में होंगे और सभी बंदरगाहों पर शाम के वक्त खास लाइटिंग की जाएगी। थलसेना भी सभी मिलिट्री हॉस्पिटल्स के बाहर बैंड डिस्प्ले करेगी, ताकि डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ का हौसला बढ़ाया जा सके। सेना पुलिस मेमोरियल पर जाकर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगी।

• बाइट – जहां तक थल सेना का सवाल है, हमारे माउंटेड बैंड्स अनेक अस्पतालों में कुछ धुन बजाएंगे और कोरोना से जूझ रहे हमारे कोरोना वारियर्स का हौसला बढ़ाने में और

आगे भी इसी जोश के साथ काम करने में उनके साथ सहयोगी बनकर उनको प्रोत्साहित करते रहेंगे।

— बिपिन रावत, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

• वॉइसओवर 5 — आपको बता दें कि कोरोना वायरस से लड़ने में भारत की सशस्त्र भी किसीसे पीछे नही हैं। चीन में फसें भारतियों के लिए पहला क्वारेंटाइन सेंटर थल सेना ने ही मानेसर में तैयार किया था उसके बाद ईरान, जापान, और इटली से आये भारतीयों के लिए भी सेना ने जोधपुर, जैसलमेर, हिंडन और मुंबई में क्वारेंटाइन सेंटर बनाए। इसके अलावा राजधानी दिल्ली के नरेला सेंटर को दिन के वक्त सेना के डॉक्टर्स ही संभालते हैं।

• स्पीकर — तो आपको बता दे भारतीय सेना का ये कदम देश के मनोबल को बढ़ाने वाला है, जी हाँ सेना का ये कदम आपके मनो-बल को मजबूत करेगा और ध्यान रखिये जबतक आपका मनोबल मज़बूत नहीं होगा तबतक इतने संकट की घड़ी में मनोबल को मजबूत करेगा और ध्यान रखिये जबतक आपका मनोबल मज़बूत नहीं होगा तबतक इतने संकट की घड़ी

Scanned with CamScanner

में आप इसका सामना नहीं कर पाएंगे तो ऐसा आपको यही बताने की कोशिश कर रही है कि देश में सब सुचारू रूप से जारी है बस आपको इस लड़ाई को पूरी हिम्मत के साथ लड़ना है और istar24 भी आपसे यही अपील करता है कि आपको लॉकडाउन के नियमों का पालन करना है और सोशल डिस्टेन्सिंग को नहीं छोड़ना है। फिलहाल के लिए इतना ही आप देखते रहिए istar24 .

Scanned with CamScanner